सत्यमेव जयते

राजस्थान राज-पत्र
विशेषांक

RAJASTHAN GAZETTE
Extraordinary

साधिकार प्रकाशित

Published by Authority

फाल्गुन 4, बुधवार, शाके 1943 - फरवरी 23, 2022

Phalguna 4, Wednesday, Saka 1943 - February 23, 2022

भाग 4 (ग)

उप-खण्ड (ii)

राज्य सरकार तथा अन्य राज्य प्राधिकारियों द्वारा जारी
किये गये कानूनी आदेश तथा अधिसूचनाएं।

वित्त विभाग

(कर अनुभाग)

अधिसूचना

जयपुर, फरवरी 23, 2022

एस.ओ.655.-राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का अधिनियम सं. 9) की धारा 174 की उप-धारा (2क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, कर की रिबेट और परादेय मांगों और विवादित रकम के निपटान के लिए निम्नलिखित **"एमनेस्टी स्कीम-2022"**, जिसे इसमें इसके पश्चात् स्कीम के रूप में निर्दिष्ट किया गया है, इसके द्वारा अधिसूचित करती है, अर्थात्:-

1. संक्षिप्त नाम और प्रवर्तन कालावधि.- (1) इस स्कीम का नाम **एमनेस्टी स्कीम-2022** है।

(2) यह स्कीम तुरंत प्रवृत होगी और 31.08.2022 तक प्रवृत रहेगी।

2. लागू होना.- संविधान की सातवीं अनुसूची की राज्य सूची की प्रविष्टि 54 में सम्मिलित माल के संबंध में राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2003 और केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956 से संबंधित परादेय मांग या विवादित रकम के सिवाय, यह स्कीम ऐसे समस्त व्यवहारियों या व्यक्तियों पर लागू होगी जिनके विरुद्ध 30.06.2017 तक की कालावधि के संबंध में, किसी अधिनियम के अधीन कोई परादेय मांग या विवादित रकम हैं।

3. परिभाषाएं.- (1) इस स्कीम में, जब तक विषय या संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,-

(क) "अधिनियम" से निम्नलिखित में से कोई अधिनियम अभिप्रेत है :-

(i) राजस्थान विक्रय कर अधिनियम, 1954 (1954 का अधिनियम सं. 29);

(ii) राजस्थान विक्रय कर अधिनियम, 1994 (1995 का अधिनियम सं. 22);

(iii) केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956 (1956 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 74);

(iv) राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2003 (2003 का अधिनियम सं. 4);

(v) राजस्थान स्थानीय क्षेत्रों में माल के प्रवेश पर कर अधिनियम, 1999 (1999 का अधिनियम सं. 13);

(vi) राजस्थान स्थानीय क्षेत्रों में मोटर यानों के प्रवेश पर कर अधिनियम, 1988 (1988 का अधिनियम सं. 14);

(vii) राजस्थान मनोरंजन और विज्ञापन कर अधिनियम, 1957 (1957 का अधिनियम सं. 24);

(viii) राजस्थान (होटलों और बासों में) विलासों पर कर अधिनियम, 1990 (1996 का अधिनियम सं. 9); और

(ix) राजस्थान विलासों (तम्बाकू और उसके उत्पाद) पर कर अधिनियम, 1994 (1994 का अधिनियम सं. 11);

(ख) "स्वीकृत कर" से कोई रकम अभिप्रेत है जो व्यवहारी या व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत की गयी किसी विवरणी में या किसी प्राधिकारी के समक्ष लिखित में स्वीकृत की गई है;

(ग) "आवेदक" से कोई व्यवहारी या व्यक्ति अभिप्रेत है जो इस स्कीम के अधीन फायदे प्राप्त करने की अपनी रजामंदी सूचित करता है;

(घ) "निर्धारण प्राधिकारी" से अधिनियम के अधीन नियुक्त कोई अधिकारी या प्राधिकारी अभिप्रेत है;

(ङ) "व्यवहारी" से अधिनियम के अधीन यथापरिभाषित कोई व्यवहारी अभिप्रेत है;

(च) "घोषणा प्ररूप" से कर की रियायती दर पर माल के विक्रय या क्रय या कर से छूट के लिए अधिनियम के अधीन विहित कानूनी प्ररूप या प्रमाणपत्र अभिप्रेत है;

(छ) "विभाग" से वाणिज्यिक कर विभाग, राजस्थान अभिप्रेत है;

(ज) "अंतर कर" से अधिनियम के अधीन राज्य में लागू कर की पूर्ण दर और रियायती दर या छूट, जो घोषणा प्ररूप के प्रस्तुत किये जाने पर लागू है, के मध्य अंतर अभिप्रेत है;

(झ) "विवादित रकम" से कोई कर, ब्याज, फीस या शास्ति अभिप्रेत है जिसके लिए कोई कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है या जिसके विरुद्ध कोई अपील, पुनरीक्षण, रिट याचिका या विशेष अनुमति याचिका लंबित या अनुध्यात है और इसमें वे मामले भी सम्मिलित हैं जो किसी प्राधिकारी द्वारा रिमांड किये गये है;

(ञ) "अंतिम रकम" से परादेय मांग की वह रकम या विवादित रकम अभिप्रेत है जो समायोजन/परिशुद्धि/पुनर्निर्धारण इत्यादि, यदि कोई हो, के पश्चात् निर्धारण प्राधिकारी ने अवधारित की है;

(ट) "सरकारी इकाई" से राजस्थान सरकार का कोई विभाग, या निगम, कंपनी, लोक उपक्रम, सहकारी सोसाइटी, स्थानीय निकाय, कानूनी निकाय या स्वायत्त निकाय जिसमें राजस्थान सरकार का शेयर पूंजी है, अभिप्रेत है;

(ठ) "किस्त" से परादेय मांग या विवादित रकम का, भागों में और नियमित अंतरालों पर संदाय अभिप्रेत है;

(ड) "परादेय मांग" से अधिनियम से संबंधित कोई मांग, जो मांग और संग्रहण रजिस्टर में लंबित है, अभिप्रेत है;

(ढ) "चरण" से सारणी-क के स्तम्भ संख्यांक 3 के अनुसार अपेक्षित रकम के संदाय के लिए, निम्नलिखित सारणी में यथावर्णित अवधि अभिप्रेत है :-

सारणी

क्र.सं.	चरण	अवधि
1.	चरण-।	30.06.2022 तक
2.	चरण-।।	01.07.2022 से 31.07.2022
3.	चरण-।।।	01.08.2022 से 31.08.2022

; और

(ण) "कर" में प्रशमन रकम या कर के बदले में एकमुश्त राशि और छूट फीस सम्मिलित है।

(2) इस स्कीम में प्रयुक्त किये गये किन्तु परिभाषित नहीं किये गये शब्दों और अभिव्यक्तियों का वही अर्थ होगा जैसा उन्हें उस अधिनियम में समनुदेशित किया गया है जिससे परादेय मांग या विवादित रकम संबंधित है।

4. इस स्कीम के अधीन फायदे.- कर की छूट और ब्याज, शास्ति और फीस का अधित्यजन नीचे दी गयी सारणी-क के स्तम्भ संख्यांक 2 में यथावर्णित परादेय मांग या विवादित रकम के प्रवर्ग पर स्तम्भ संख्यांक 3 में यथावर्णित शर्तों और इस स्कीम के खण्ड 5 में वर्णित शर्तों के पूर्ण किये जाने पर स्तम्भ संख्यांक 4 में यथावर्णित सीमा तक होगा:-

सारणी-क

कर की रिबेट और/या ब्याज, शास्ति और विलम्ब फीस के अधित्यजन के लिए

क्र. सं.	परादेय मांग या विवादित रकम का प्रवर्ग	शर्तें	कर की रिबेट और/या ब्याज, शास्ति और विलम्ब फीस के अधित्यजन की सीमा
1	2	3	4
1.	परादेय मांग, जो घोषणा प्ररूपों से संबंधित है।	(क) आवेदक, वचनबंध और घोषणा प्ररूपों के ब्यौरों के साथ, निम्नलिखित में से कोई एक प्रस्तुत कर देता है:- (i) घोषणा प्ररूप (प्ररूपों) का प्रतिपर्ण; या (ii) घोषणा प्ररूप (प्ररूपों) के पूर्व प्रस्तुतीकरण का सबूत; या (iii) माल के अन्तरराज्यिक विक्रय या संचलन का कोई अन्य सबूत।	अंतर कर, इस स्कीम के अधीन आदेश की तारीख तक प्रोद्भूत ब्याज के साथ ब्याज, शास्ति और विलंब फीस, यदि कोई हो, की संपूर्ण रकम।
		(ख) उपर्युक्त (क) में नहीं आने वाले मामले:- (i) **चरण-। :** आवेदक ने	अंतर कर की शेष रकम, इस स्कीम के अधीन आदेश की

		अंतर कर का 20 प्रतिशत जमा करा दिया हो। (ii) **चरण-II:** आवेदक ने अंतर कर का 25 प्रतिशत जमा करा दिया हो। (iii) **चरण-III:** आवेदक ने अंतर कर का 30 प्रतिशत जमा करा दिया हो।	तारीख तक प्रोद्भूत ब्याज के साथ ब्याज, शास्ति और विलंब फीस, यदि कोई हो, की संपूर्ण रकम।
2.	परादेय मांग/विवादित रकम, चाहे शास्ति अधिरोपित की गयी है या नहीं: (i) जो कर की दर/माल के वर्गीकरण/अधिनियम के निर्वचन से संबंधित है; या (ii) इस सारणी के क्रम संख्यांक 3 के अधीन आने वाली से भिन्न, जो विक्रय मिसमैच या आगत कर मुजरा के मिसमैच या गलत रूप से उपभुक्त आगत कर मुजरा से संबंधित है; या (iii) जो इस सारणी के क्रम संख्यांक 3 के अधीन आने वाले से भिन्न अपवंचन मामलों से संबंधित है; या (iv) जो राजस्थान स्थानीय क्षेत्रों में माल के प्रवेश पर कर अधिनियम, 1999 से संबंधित हैं और लेखा पुस्तकों और/या विवरणियों में संव्यवहार दर्शित किये गये हैं; या (v) जो राजस्थान स्थानीय क्षेत्रों में मोटर यानों के प्रवेश पर	(i) **चरण-I:** आवेदक ने परादेय मांग या विवादित रकम के कर की 40 प्रतिशत रकम के साथ स्वीकृत कर, यदि कोई हो, की संपूर्ण रकम जमा करा दी हो। (ii) **चरण-II:** आवेदक ने परादेय मांग या विवादित रकम के कर की 45 प्रतिशत रकम के साथ स्वीकृत कर, यदि कोई हो, की संपूर्ण रकम जमा करा दी हो। (iii) **चरण-III:** आवेदक ने परादेय मांग या विवादित रकम के कर की 50 प्रतिशत रकम के साथ स्वीकृत कर, यदि कोई हो, की संपूर्ण रकम जमा करा दी हो।	कर की शेष रकम, यदि कोई हो, इस स्कीम के अधीन आदेश की तारीख तक प्रोद्भूत ब्याज के साथ ब्याज, शास्ति और विलंब फीस, यदि कोई हो, की संपूर्ण रकम।

	कर अधिनियम, 1988 से संबंधित है; या (vi) जो राजस्थान मनोरंजन और विज्ञापन कर अधिनियम, 1957 से संबंधित है; या (vii) जो राजस्थान (होटलों और बासों में) विलासों पर कर अधिनियम, 1990 से संबंधित है; या (viii) जो राजस्थान विलासों (तम्बाकू और उसके उत्पाद) पर कर अधिनियम, 1994 से संबंधित है; या (ix) जिसके लिए कोई कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है या जिसके विरुद्ध कोई अपील, पुनरीक्षण, रिट याचिका या विशेष अनुमति याचिका लंबित या अनुध्यात है और इसमें वे मामले भी सम्मिलित हैं जो किसी प्रधिकारी द्वारा रिमांड किये गये हैं; या (x) जिसके विरुद्ध राजस्व वसूली अधिनियम, 1890/ राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 के अधीन कार्यवाही प्रारंभ की गयी है।		
3.	परादेय मांग या विवादित रकम,- (i) जो मिथ्या या कूटरचित बीजकों से संबंधित, गलत रुप से उपयोग में लिये गये आगत कर मुजरा से संबंधित है; या (ii) अपवंचन मामले जो लेखाओं में अंकित नहीं किये गये माल और/या क्रय/विक्रय	(i) **चरण-I :** आवेदक ने कर की संपूर्ण रकम जमा करा दी हो। (ii) **चरण-II :** आवेदक ने शास्ति के 5 प्रतिशत के साथ कर की संपूर्ण रकम जमा करा दी हो। (iii) **चरण-III :** आवेदक ने शास्ति के 10 प्रतिशत के	ब्याज की संपूर्ण रकम, इस स्कीम के अधीन आदेश की तारीख तक प्रोद्भूत ब्याज के साथ शास्ति और विलंब फीस, यदि कोई हो, की संपूर्ण/शेष रकम।

	के संव्यवहार (संव्यवहारों) को लेखा पुस्तकों से छिपाने से संबंधित हैं।	साथ कर की संपूर्ण रकम जमा करा दी हो।	
4.	परादेय मांग/विवादित रकम जो, अनन्य रूप से ब्याज से संबंधित है और 25 करोड़ रुपये से अधिक है।	(i) **चरण-I:** आवेदक ने ब्याज का 40 प्रतिशत जमा करा दिया हो। (ii) **चरण-II:** आवेदक ने ब्याज का 45 प्रतिशत जमा करा दिया हो। (iii) **चरण-III:** आवेदक ने ब्याज का 50 प्रतिशत जमा करा दिया हो।	इस स्कीम के अधीन आदेश की तारीख तक प्रोद्भूत ब्याज के साथ ब्याज की शेष रकम।
5.	किसी सरकारी इकाई और रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के संस्थापन के विरुद्ध परादेय मांग/विवादित रकम।	लागू नहीं।	इस स्कीम के अधीन आदेश की तारीख तक प्रोद्भूत ब्याज के साथ कर की रकम और ब्याज, शास्ति और विलम्ब फीस, यदि कोई हो, की संपूर्ण रकम।
6.	उपर्युक्त प्रवर्ग 1,2,3,4 या 5 के अधीन नहीं आने वाली परादेय मांग या विवादित रकम।	(i) **चरण-I:** आवेदक ने कर की रकम का 75 प्रतिशत जमा करा दिया हो। (ii) **चरण-II:** आवेदक ने कर की रकम का 80 प्रतिशत जमा करा दिया हो। (iii) **चरण-III:** आवेदक ने कर की रकम का 85 प्रतिशत जमा करा दिया हो।	कर की शेष रकम, यदि कोई हो, इस स्कीम के अधीन आदेश की तारीख तक प्रोद्भूत ब्याज के साथ ब्याज, शास्ति और विलम्ब फीस, यदि कोई हो, की संपूर्ण रकम।

स्पष्टीकरण:

(1)(क) उन मामलों को छोड़कर जो नीचे उप-खण्ड (ख) के अधीन आते हैं जहां कोई व्यवहारी चरण-I, II या, यथास्थिति, III की कालावधि के दौरान इस स्कीम के फायदे उपभुक्त करने के लिए अपनी रजामंदी सूचित करता है और उस दिन से, जिसको निर्धारण प्राधिकारी इस स्कीम के अधीन संदत्त की जाने वाली अपेक्षित अंतिम रकम सूचित करता है, दस दिन के भीतर या क्रमिक चरणों की अंतिम तारीख से पूर्व, जो भी पश्चात्वर्ती हो, अपेक्षित अंतिम रकम जमा करा देता है, वह उस चरण में उपलब्ध फायदों का पात्र होगा जिसमें उसने इस स्कीम के अधीन अपनी रजामंदी सूचित की है। यदि, व्यवहारी उपर्युक्त विनिर्दिष्ट समय में

अंतिम रकम जमा करवाने में असफल रहता है, तब वह उस चरण में फायदों के लिए पात्र होगा, जिसमें उसने अपेक्षित रकम जमा की है और इस स्कीम की प्रवर्तन कालावधि से परे व्यतिक्रम की निरन्तरता के मामले में, वह इस स्कीम के अधीन किसी फायदे के लिए पात्र नहीं होगा।

(ख) उपर्युक्त उप-खण्ड (क) में अंतर्विष्ट किसी बात के होने पर भी व्यवहारी, सारणी-क के अधीन किया जाने वाला अपेक्षित संदाय, निम्नानुसार समान मासिक किस्तों में करने का विकल्प दे सकेगा-

क्र.सं.	**उपर्युक्त सारणी-क के अनुसार निक्षिप्त की जाने वाली अपेक्षित रकम (रु. में)**	**किस्तों की अनुज्ञात अधिकतम संख्या**
1.	50 लाख तक	4
2.	50 लाख से अधिक और 1 करोड़ तक	5
3.	1 करोड़ से अधिक	6

किस्तों में संदाय करने के लिए कालावधि, अंतिम रकम की स्वीकृति से प्रारंभ होगी और आवेदक यदि उस चरण के फायदे लेना चाहता है जिसके लिए उसने इस स्कीम के अधीन अपनी रजामंदी दी है तो उससे उस दिन से, जिससे इस स्कीम के अधीन संदत्त की जाने के लिए अपेक्षित अंतिम रकम निर्धारण प्राधिकारी द्वारा सूचित की जाती है, दस दिन के भीतर प्रथम किस्त निक्षिप्त की जानी अपेक्षित है। पश्चात्वर्ती किस्तों का संदाय, प्रथम किस्त के संदाय किये जाने के प्रत्येक तीस दिवस के पश्चात् शोध्य होगा। यदि आवेदक, जिसने किस्तों में संदाय का विकल्प दिया है, नियत समय में अपेक्षित किस्तों का संदाय करने में विफल रहता है, वह इस स्कीम के अधीन किसी फायदे के लिए पात्र नहीं होगा। तथापि, आयुक्त, यदि उसका यह समाधान हो जाता है कि आवेदक को नियत समय में अपेक्षित किस्तों का संदाय करने से परावृत्त किये जाने के समुचित कारण थे, तो वह ऐसे विलंब को माफ कर सकेगा और आवेदक को इस स्कीम के अधीन फायदे उपभुक्त करने के लिए अनुज्ञात कर सकेगा।

(2) इस स्कीम के जारी किये जाने से पूर्व अपील फाइल किये जाने के लिए निक्षिप्त किसी रकम को सम्मिलित करते हुए जहां कोई रकम मांग के विरुद्ध, उसके सृजन के पश्चात्, इस स्कीम के जारी होने से पूर्व जमा की गयी है और यदि अतिशेष परादेय मांग/विवादित रकम के लिए विकल्प प्रस्तुत किया जाता है, वहां पूर्व में जमा रकम को, यदि इस स्कीम के जारी किये जाने से पूर्व, मांग और संग्रहण रजिस्टर (डी.सी.आर.) में समायोजित नहीं किया गया है और यदि चालान में विनिर्दिष्ट रूप से वर्णित नहीं है, तो प्रथमतः यह कर दायित्व के विरुद्ध, तत्पश्चात् क्रमशः ब्याज, शास्ति और विलम्ब फीस के दायित्व के विरुद्ध समायोजित की जायेगी। तथापि, यदि किसी न्यायालय आदेश की अनुपालना में कोई रकम जमा की गयी है तो वह तदनुसार समायोजित की जायेगी। इस स्कीम के फायदे केवल इस स्कीम के उपबंधों के अनुसार परादेय मांग/विवादित रकम के अतिशेष के लिए ही उपलब्ध होंगे।

(3) जहां परादेय मांग या विवादित रकम पूर्ण रूप से ब्याज और/या शास्ति और/या विलम्ब फीस को समाविष्ट करती है, वहां ऐसे मामलों में कर की रकम जमा की गयी समझी जायेगी।

(4) परादेय मांग या विवादित रकम के प्रवर्ग के लिए जहां व्यवहारी या व्यक्ति से उपर्युक्त सारणी-क के अनुसार कोई रकम जमा कराने की अपेक्षा नहीं की गयी है, वहां ऐसे मामलों में, वह निर्धारण प्राधिकारी को उसकी सूचना दे सकेगा। ऐसे मामलों में जहां व्यवहारी या व्यक्ति से कोई सूचना प्राप्त नहीं होती है, निर्धारण प्राधिकारी मामले को अपने स्तर पर निपटाने के लिए अग्रसर हो सकेगा।

(5) जहां 30.06.2017 तक की अवधि से संबंधित मांग या विवादित रकम पूर्व में ही जमा कर दी गयी है और उससे संबंधित ब्याज के लिए मांग उद्ग्रहणीय है किन्तु उद्गृहीत नहीं की गयी है, वहां ऐसे मामलों में इस स्कीम के अधीन आदेश की तारीख तक प्रोद्भूत ब्याज के साथ संदेय ब्याज का उपर्युक्त सारणी-क के अनुसार अधित्यजन किया जायेगा।

(6) जहां मांग, जिसके लिए व्यवहारी या व्यक्ति इस स्कीम के अधीन विकल्प देने का आशय रखता है, से संबंधित समायोजन/परिशुद्धि/पुनर्निर्धारण के लिए कोई आवेदन संबंधित निर्धारण प्राधिकारी के समक्ष लंबित है, तब ऐसे व्यवहारी या व्यक्ति से लिखित में संसूचना पर वह उसे प्राथिमकता के आधार पर निपटायेगा।

(7) विवादित रकम से संबंधित मामले, जिनके लिए मांग और संग्रहण रजिस्टर (डी.सी.आर.) में कोई मांग परादेय नहीं है, कर, ब्याज, विलम्ब फीस और/या शास्ति की रकम मूल निर्धारण/ पुनर्निर्धारण आदेश या उक्त विवादित रकम के संबंध में जारी किये गये कारण बताओ नोटिस के अनुसार समझी जायेगी। ऐसे मामलों में संबंधित निर्धारण प्राधिकारी स्वयं के समक्ष लंबित कार्यवाही, यदि कोई हो, को प्रत्याहृत करेगा या नियत समय के भीतर उपर्युक्त सारणी-क के अनुसार विहित रकम के जमा किये जाने के पश्चात् किसी न्यायालय या कर बोर्ड या, यथास्थिति, अपील प्राधिकारी के समक्ष लंबित मामले के प्रत्याहरण के लिए आवेदन प्रस्तुत करेगा।

5. शर्तें.- इस स्कीम के फायदे निम्नलिखित शर्तों को पूरा किये जाने पर उपलब्ध होंगे, अर्थात्:-

(i) आवेदक ने इस स्कीम की प्रवर्तन कालावधि के भीतर उपर्युक्त सारणी-क के स्तम्भ संख्यांक 3 के अनुसार या, यथास्थिति, उपर्युक्त खण्ड 4 के स्पष्टीकरण (1) के अनुसार अपेक्षित रकम जमा करा दी है;

(ii) आवेदक ने किसी न्यायालय या कर बोर्ड या, यथास्थिति, अपील प्राधिकारी के समक्ष लंबित मामले, यदि कोई हो, के प्रत्याहरण के लिए वचनबंध इस स्कीम की प्रवर्तन कालावधि के भीतर प्रस्तुत कर दिया है; और

(iii) इस स्कीम के अधीन कर की छूट और/या अधित्यजन के कारण कोई प्रतिदाय अनुज्ञात नहीं किया जायेगा।

6. फायदा प्राप्त करने के लिए प्रक्रिया.- (1) इस स्कीम के अधीन फायदा प्राप्त करने के लिए आवेदक संबंधित निर्धारण प्राधिकारी को इस संबंध में वाणिज्यिक कर विभाग की वेबसाइट www.rajtax.gov.in पर उसकी रजामंदी इलेक्ट्रानिक रूप से सूचित करेगा।

(2) पृथक् अधिनियमों के अधीन साथ ही पृथक् निर्धारण प्राधिकारियों के समक्ष परादेय मांगों/ विवादित रकम के लिए रजामंदी की पृथक्-पृथक् सूचना दी जायेगी।

(3) इस स्कीम के अधीन फायदों का चयन करने वाले किसी व्यवहारी या व्यक्ति के मामले में निर्धारण प्राधिकारी, व्यवहारी या व्यक्ति के विरुद्ध लंबित मांग (मांगों) और विवादित रकम के ब्यौरे इस स्कीम के अनुसरण में किये जाने वाले संदाय और प्रोद्भूत किये जाने वाले पारिणामिक फायदों सहित इलेक्ट्रानिक रूप से सूचित करेगा।

(4) इस स्कीम के अधीन फायदे प्राप्त करने के लिए ब्यौरेवार प्रक्रिया, स्पष्टीकरण और कठिनाईयां, यदि कोई हों, के निराकरण के लिए आदेश ऐसे होंगे जो आयुक्त, वाणिज्यिक कर विभाग, राजस्थान द्वारा अधिसूचित किये जायें।

(5) सारणी-क के क्रम संख्यांक 1 से 6 के अधीन परादेय मांग या विवादित रकम के प्रवर्गीकरण से संबंधित किसी विवाद के मामलें में, आयुक्त, वाणिज्यिक कर का विनिश्चय अंतिम होगा।

7. एमनेस्टी स्कीम-2021 के अधीन लंबित मामलों के लिए उपबंध.- (1) ऐसे मामलों में, जहां एमनेस्टी स्कीम-2021 के अधीन अपेक्षित रकम पहले ही निक्षिप्त कर दी गयी है, आयुक्त, वाणिज्यिक कर द्वारा उक्त स्कीम के अधीन इस संबंध में अधिकथित प्रक्रिया के अनुसार एएस-।। जनित किया जायेगा।

(2) समस्त अन्य मामलों में, जिनमें एमनेस्टी स्कीम-2021 के अधीन कोई टास्क लंबित है, जहां इस स्कीम के जारी किये जाने से पूर्व संदाय या तो नहीं किया गया है या भागतः किया गया है, एमनेस्टी स्कीम-2021 के अधीन दी गयी रजामंदी, इस स्कीम के चरण-1 के अधीन दी गयी समझी जायेगी और संदत्त की जाने वाली अपेक्षित रकम, इस स्कीम की सारणी-क के अनुसार व्यवहारी को नये सिरे से संसूचित की जायेगी। एमनेस्टी स्कीम-2021 के अधीन निक्षिप्त रकम, यदि कोई हो, इस स्कीम की सारणी-क के अनुसार संदत्त की जाने वाली अपेक्षित रकम के विरुद्ध समायोजित की जायेगी।

(3) एमनेस्टी स्कीम-2021 के अधीन पूर्व में किये गये किसी संदाय का इस स्कीम के अधीन कर की छूट और/या अधित्यजन के कारण कोई प्रतिदाय अनुज्ञात नहीं किया जायेगा।

[प.12(11)वित्त/कर/2022-103]

राज्यपाल के आदेश से,

(टीना डाबी)

संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग

(कर अनुभाग)

अधिसूचना

जयपुर, फरवरी 23, 2022

एस.ओ.656.-राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2003 (2003 का अधिनियम सं. 4) की धारा 51क और 51ख द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, कर की रिबेट और ब्याज, शास्ति और विलम्ब फीस के अधित्यजन के लिए निम्नलिखित **"जीएसटी में सम्मिलित नहीं किये गये माल के लिए एमनेस्टी**

स्कीम", जिसे इसमें इसके पश्चात् स्कीम के रूप में निर्दिष्ट किया गया है, इसके द्वारा अधिसूचित करती है, अर्थात्:-

1. संक्षिप्त नाम और प्रवर्तन कालावधि.- (1) इस स्कीम का नाम जीएसटी में सम्मिलित नहीं किये गये माल के लिए एमनेस्टी स्कीम है।

(2) यह स्कीम तुरंत प्रवृत होगी और 31.08.2022 तक प्रवृत रहेगी।

2. लागू होना.- संविधान की सातवीं अनुसूची की राज्य सूची की प्रविष्टि 54 में सम्मिलित माल के संबंध में यह स्कीम ऐसे समस्त व्यवहारियों या व्यक्तियों पर लागू होगी जिनके विरुद्ध अधिनियम के अधीन 31.01.2022 तक सृजित परादेय मांग या विवादित रकम हैं।

3. परिभाषाएं.- (1) इस स्कीम में, जब तक विषय या संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,-

(क) "अधिनियम" से निम्नलिखित में से कोई अधिनियम अभिप्रेत है :-

(i) राजस्थान विक्रय कर अधिनियम, 1954 (1954 का अधिनियम सं. 29);

(ii) राजस्थान विक्रय कर अधिनियम, 1994 (1995 का अधिनियम सं. 22);

(iii) केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956 (1956 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 74);

(iv) राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2003 (2003 का अधिनियम सं. 4);

(ख) "आवेदक" से कोई व्यवहारी या व्यक्ति अभिप्रेत है जो इस स्कीम के अधीन फायदे प्राप्त करने की अपनी रजामंदी सूचित करता है;

(ग) "निर्धारण प्राधिकारी" से अधिनियम के अधीन नियुक्त कोई अधिकारी या प्राधिकारी अभिप्रेत है;

(घ) "व्यवहारी" से अधिनियम के अधीन यथापरिभाषित कोई व्यवहारी अभिप्रेत है;

(ङ) "घोषणा प्ररूप" से कर की रियायती दर पर माल के विक्रय या क्रय या कर से छूट के लिए अधिनियम के अधीन विहित कानूनी प्ररूप या प्रमाणपत्र अभिप्रेत है;

(च) "विभाग" से वाणिज्यिक कर विभाग, राजस्थान अभिप्रेत है;

(छ) "अंतर कर" से अधिनियम के अधीन राज्य में लागू कर की पूर्ण दर और रियायती दर या छूट, जो घोषणा प्ररूप के प्रस्तुत किये जाने पर लागू है, के मध्य अंतर अभिप्रेत है;

(ज) "विवादित रकम" से कोई कर, ब्याज, फीस या शास्ति अभिप्रेत है जिसके विरुद्ध कोई अपील, पुनरीक्षण, रिट याचिका या विशेष अनुमति याचिका लंबित या अनुध्यात है और इसमें वे मामले भी सम्मिलित हैं जो किसी प्रधिकारी द्वारा रिमांड किये गये हैं;

(झ) "अंतिम रकम" से परादेय मांग की वह रकम या विवादित रकम अभिप्रेत है जो समायोजन/परिशुद्धि/पुनर्निर्धारण इत्यादि, यदि कोई हो, के पश्चात् निर्धारण प्राधिकारी ने अवधारित की है;

(ञ) "किस्त" से परादेय मांग या विवादित रकम का, भागों में और नियमित अंतरालों पर संदाय अभिप्रेत है;

(ट) "परादेय मांग" से अधिनियम से संबंधित कोई मांग, जो मांग और संग्रहण रजिस्टर में लंबित है, अभिप्रेत है;

(ठ) "चरण" से सारणी-क के स्तम्भ संख्यांक 3 के अनुसार अपेक्षित रकम के संदाय के लिए, निम्नलिखित सारणी में यथावर्णित अवधि अभिप्रेत है :-

सारणी

क्र.सं.	चरण	अवधि
1.	चरण-।	30.06.2022 तक
2.	चरण-।।	01.07.2022 से 31.07.2022
3.	चरण-।।।	01.08.2022 से 31.08.2022

; और

(ड़) "कर" में प्रशमन रकम या कर के बदले में एकमुश्त राशि और छूट फीस सम्मिलित है।

(2) इस स्कीम में प्रयुक्त किये गये किन्तु परिभाषित नहीं किये गये शब्दों और अभिव्यक्तियों का वही अर्थ होगा जैसा उन्हें उस अधिनियम में समनुदेशित किया गया है जिससे परादेय मांग या विवादित रकम संबंधित है।

4. इस स्कीम के अधीन फायदे.- कर की छूट और ब्याज, शास्ति और फीस का अधित्यजन नीचे दी गयी सारणी-क के स्तम्भ संख्यांक 2 में यथावर्णित परादेय मांग या विवादित रकम के प्रवर्ग पर स्तम्भ संख्यांक 3 में यथावर्णित शर्तों और इस स्कीम के खण्ड 5 में वर्णित शर्तों के पूर्ण किये जाने पर स्तम्भ संख्यांक 4 में यथावर्णित सीमा तक होगा:-

सारणी-क

कर की रिबेट और/या ब्याज, शास्ति और विलम्ब फीस के अधित्यजन के लिए

क्र. सं.	परादेय मांग या विवादित रकम का प्रवर्ग	शर्तें	कर की रिबेट और/या ब्याज, शास्ति और विलम्ब फीस के अधित्यजन की सीमा
1	2	3	4
1.	अपवंचन मामलों से संबंधित परादेय मांग या विवादित रकम और जो 31.03.2017 तक सृजित हुई है।	(i) **चरण-।:** आवेदक ने कर की संपूर्ण रकम जमा करा दी हो। (ii) **चरण-।।:** आवेदक ने शास्ति के 5 प्रतिशत के साथ कर की संपूर्ण रकम जमा करा दी हो। (iii) **चरण-।।।:** आवेदक ने शास्ति के 10 प्रतिशत के साथ कर की संपूर्ण रकम जमा करा दी हो।	शास्ति की शेष रकम, इस स्कीम के अधीन आदेश की तारीख तक प्रोद्भूत ब्याज के साथ ब्याज और विलंब फीस, यदि कोई हो, की संपूर्ण रकम।
2.	अपवंचन मामलों से संबंधित परादेय मांग या विवादित रकम और जो 31.03.2017 के पश्चात और 31.01.2022 तक सृजित हुई है।	(i) **चरण-।:** आवेदक ने ब्याज के 15 प्रतिशत और शास्ति के 15 प्रतिशत के साथ कर की संपूर्ण रकम जमा करा दी हो। (ii) **चरण-।।:** आवेदक ने ब्याज के 20 प्रतिशत और शास्ति के 20 प्रतिशत के साथ कर की संपूर्ण रकम जमा	इस स्कीम के अधीन आदेश की तारीख तक प्रोद्भूत ब्याज के साथ ब्याज, शास्ति और विलंब फीस, यदि कोई हो, की शेष रकम।

		करा दी हो। (iii) **चरण-III:** आवेदक ने ब्याज के 25 प्रतिशत और शास्ति के 25 प्रतिशत के साथ कर की संपूर्ण रकम जमा करा दी हो।	
3.	परादेय मांग जो घोषणा प्ररूपों से संबंधित हो।	(क) आवेदक, वचनबंध और घोषणा प्ररूपों के ब्यौरों के साथ, निम्नलिखित में से कोई एक प्रस्तुत कर देता है:- (i) घोषणा प्ररूप (प्ररूपों) का प्रतिपर्ण; या (ii) घोषणा प्ररूप (प्ररूपों) के पूर्व प्रस्तुतीकरण का सबूत; या (iii) माल के अन्तरराज्यिक विक्रय या संचलन का कोई अन्य सबूत।	इस स्कीम के अधीन आदेश की तारीख तक प्रोद्भूत ब्याज के साथ अंतर कर, ब्याज, शास्ति और विलंब फीस, यदि कोई हो, की संपूर्ण रकम।
		(ख) उपर्युक्त (क) में नहीं आने वाले मामलों में:- (i) **चरण-I:** आवेदक ने अंतर कर का 20 प्रतिशत जमा करा दिया हो। (ii) **चरण-II:** आवेदक ने अंतर कर का 25 प्रतिशत जमा करा दिया हो। (iii) **चरण-III:** आवेदक ने अंतर कर का 30 प्रतिशत जमा करा दिया हो।	अंतर कर की शेष रकम, इस स्कीम के अधीन आदेश की तारीख तक प्रोद्भूत ब्याज के साथ ब्याज, शास्ति और विलंब फीस, यदि कोई हो, की संपूर्ण रकम।
4.	31.03.2017 तक सृजित और उपर्युक्त प्रवर्ग 1 या 3 के अधीन नहीं आने वाली परादेय मांग या विवादित रकम।	(i) **चरण-I:** आवेदक ने कर का 90 प्रतिशत जमा करा दिया हो। (ii) **चरण-II:** आवेदक ने कर का 95 प्रतिशत जमा करा दिया हो। (iii) **चरण-III:** आवेदक ने कर का 100 प्रतिशत जमा करा दिया हो।	कर की शेष रकम, इस स्कीम के अधीन आदेश की तारीख तक प्रोद्भूत ब्याज के साथ ब्याज, शास्ति और विलंब फीस, यदि कोई हो, की संपूर्ण रकम।
5.	31.03.2017 के पश्चात् और 31.01.2022 तक सृजित और उपर्युक्त प्रवर्ग 2 या 3 के अधीन नहीं आने वाली परादेय मांग या	(i) **चरण-I:** आवेदक ने कर की संपूर्ण रकम जमा करा दी हो। (ii) **चरण-II:** आवेदक ने ब्याज की रकम, यदि कोई हो, के 10 प्रतिशत के साथ कर की संपूर्ण रकम जमा करा दी हो। (iii) **चरण-III:** आवेदक ने ब्याज की रकम,	ब्याज की शेष रकम, इस स्कीम के अधीन आदेश की तारीख तक प्रोद्भूत ब्याज के साथ शास्ति और विलम्ब फीस, यदि

	विवादित रकम।	यदि कोई हो, के 20 प्रतिशत के साथ कर की संपूर्ण रकम जमा करा दी हो।	कोई हो, की संपूर्ण रकम।

स्पष्टीकरण:

(1)(क) उन मामलों को छोड़कर जो नीचे उप-खण्ड (ख) के अधीन आते हैं जहां कोई व्यवहारी चरण-।, ।। या, यथास्थिति, ।।। की कालावधि के दौरान इस स्कीम के फायदे उपभुक्त करने के लिए अपनी रजामंदी सूचित करता है और उस दिन से, जिसको निर्धारण प्राधिकारी इस स्कीम के अधीन संदत्त की जाने अपेक्षित अंतिम रकम सूचित करता है, दस दिन के भीतर या क्रमिक चरणों की अंतिम तारीख से पूर्व, जो भी पश्चात्वर्ती हो, अपेक्षित अंतिम रकम जमा करा देता है, वह उस चरण में उपलब्ध फायदों का पात्र होगा जिसमें उसने इस स्कीम के अधीन अपनी रजामंदी सूचित की है। यदि, व्यवहारी उपर्युक्त विनिर्दिष्ट समय में अंतिम रकम जमा करवाने में असफल रहता है, तब वह उस चरण में फायदों के लिए पात्र होगा, जिसमें उसने अपेक्षित रकम जमा की है और इस स्कीम की प्रवर्तन कालावधि से परे व्यतिक्रम की निरन्तरता के मामले में, वह इस स्कीम के अधीन किसी फायदे के लिए पात्र नहीं होगा।

(ख) उपर्युक्त उप-खण्ड (क) में अंतर्विष्ट किसी बात के होने पर भी व्यवहारी, सारणी-क के अधीन किया जाने वाला अपेक्षित संदाय, निम्नानुसार समान मासिक किस्तों में करने का विकल्प दे सकेगा-

क्र.सं.	**उपर्युक्त सारणी-क के अनुसार निक्षिप्त की जाने वाली अपेक्षित रकम (रु. में)**	**किस्तों की अनुज्ञात अधिकतम संख्या**
1.	50 लाख तक	4
2.	50 लाख से अधिक और 1 करोड़ तक	5
3.	1 करोड़ से अधिक	6

किस्तों में संदाय करने के लिए कालावधि, अंतिम रकम की स्वीकृति से प्रारंभ होगी और आवेदक यदि उस चरण के फायदे लेना चाहता है जिसके लिए उसने इस स्कीम के अधीन अपनी रजामंदी दी है तो उससे उस दिन से, जिससे इस स्कीम के अधीन संदत्त किये जाने के लिए अपेक्षित अंतिम रकम निर्धारण प्राधिकारी द्वारा सूचित की जाती है, दस दिन के भीतर प्रथम किस्त निक्षिप्त की जानी अपेक्षित है। पश्चात्वर्ती किस्तों का संदाय, प्रथम किस्त के संदाय किये जाने के प्रत्येक तीस दिवस के पश्चात् शोध्य होगा। यदि आवेदक, जिसने किस्तों में संदाय का विकल्प दिया है, नियत समय में अपेक्षित किस्तों का संदाय करने में विफल रहता है, वह इस स्कीम के अधीन किसी फायदे के लिए पात्र नहीं होगा। तथापि आयुक्त, यदि उसका यह समाधान हो जाता है कि आवेदक को नियत समय में अपेक्षित किस्तों का संदाय करने से परावृत्त किये जाने के समुचित कारण थे, तो वह ऐसे विलंब को माफ कर सकेगा और आवेदक को इस स्कीम के अधीन फायदे उपभुक्त करने के लिए अनुज्ञात कर सकेगा।

(2) इस स्कीम के जारी किये जाने से पूर्व अपील फाइल किये जाने के लिए निक्षिप्त रकम को सम्मिलित करते हुए जहां कोई रकम मांग के विरुद्ध, उसके सृजन के पश्चात्, इस स्कीम के

जारी होने से पूर्व जमा की गयी है और यदि अतिशेष परादेय मांग/विवादित रकम के लिए विकल्प प्रस्तुत किया जाता है, वहां पूर्व में जमा रकम को, यदि इस स्कीम के जारी किये जाने से पूर्व मांग और संग्रहण रजिस्टर (डी.सी.आर.) में समायोजित नहीं किया गया है और यदि चालान में विनिर्दिष्ट रूप से वर्णित नहीं है, तो प्रथमतः यह कर दायित्व के विरुद्ध, तत्पश्चात् क्रमशः ब्याज, शास्ति और विलम्ब फीस के दायित्व के विरुद्ध समायोजित की जायेगी। तथापि यदि किसी न्यायालय आदेश की अनुपालना में कोई रकम जमा की गयी है तो वह तद्नुसार समायोजित की जायेगी। इस स्कीम के फायदे केवल इस स्कीम के उपबंधों के अनुसार परादेय मांग/विवादित रकम के अतिशेष के लिए उपलब्ध होंगे।

(3) परादेय मांग या विवादित रकम के प्रवर्ग के लिए जहां व्यवहारी या व्यक्ति से उपर्युक्त सारणी-क के अनुसार कोई रकम जमा कराने की अपेक्षा नहीं की गयी है, वहां ऐसे मामलों में, वह निर्धारण प्राधिकारी को उसकी सूचना दे सकेगा। ऐसे मामलों में जहां व्यवहारी या व्यक्ति से कोई सूचना प्राप्त नहीं होती है, निर्धारण प्राधिकारी मामले को अपने स्तर पर निपटाने के लिए अग्रसर हो सकेगा।

(4) जहां परादेय मांग या विवादित रकम पूर्व में ही जमा कर दी गयी है और उससे संबंधित ब्याज के लिए मांग उद्ग्रहणीय है किन्तु उद्गृहीत नहीं की गयी है, वहां ऐसे मामलों में इस स्कीम के अधीन आदेश की तारीख तक प्रोद्भूत ब्याज के साथ संदेय ब्याज का उपर्युक्त सारणी-क के अनुसार अधित्यजन किया जायेगा।

(5) जहां मांग, जिसके लिए व्यवहारी या व्यक्ति इस स्कीम के अधीन विकल्प देने का आशय रखता है, से संबंधित समायोजन/परिशुद्धि/पुनर्निर्धारण के लिए कोई आवेदन संबंधित निर्धारण प्राधिकारी के समक्ष लंबित है, तब ऐसे व्यवहारी या व्यक्ति से लिखित में संसूचना पर वह उसे प्राथिमकता के आधार पर निपटायेगा।

(6) विवादित रकम से संबंधित मामले, जिनके लिए मांग और संग्रहण रजिस्टर (डी.सी.आर.) में कोई मांग परादेय नहीं है, कर, ब्याज, विलम्ब फीस और/या शास्ति की रकम मूल निर्धारण/पुनर्निर्धारण आदेश के अनुसार समझी जायेगी। ऐसे मामलों में संबंधित निर्धारण प्राधिकारी नियत समय के भीतर उपर्युक्त सारणी-क के अनुसार विहित रकम के जमा किये जाने के पश्चात् किसी न्यायालय या कर बोर्ड या, यथास्थिति, अपील प्राधिकारी के समक्ष लंबित मामले के प्रत्याहरण के लिए आवेदन प्रस्तुत करेगा।

5. शर्तें.- इस स्कीम के फायदे निम्नलिखित शर्तों को पूरा किये जाने पर उपलब्ध होंगे, अर्थात्:-

(i) आवेदक ने इस स्कीम की प्रवर्तन कालावधि के भीतर उपर्युक्त सारणी-क के स्तम्भ संख्यांक 3 के अनुसार या, यथास्थिति, उपर्युक्त खण्ड 4 के स्पष्टीकरण (1) के अनुसार अपेक्षित रकम जमा करा दी है;

(ii) आवेदक ने किसी न्यायालय या कर बोर्ड या, यथास्थिति, अपील प्राधिकारी के समक्ष लंबित मामले, यदि कोई हो, के प्रत्याहरण के लिए वचनबंध इस स्कीम की प्रवर्तन कालावधि के भीतर प्रस्तुत कर दिया है; और

(iii) इस स्कीम के अधीन कर की छूट और/या अधित्यजन के कारण कोई प्रतिदाय अनुज्ञात नहीं किया जायेगा।

6. फायदा प्राप्त करने के लिए प्रक्रिया.- (1) इस स्कीम के अधीन फायदा प्राप्त करने के लिए आवेदक संबंधित निर्धारण प्राधिकारी को इस संबंध में वाणिज्यिक कर विभाग की वेबसाइट www.rajtax.gov.in पर उसकी रजामंदी इलेक्ट्रानिक रूप से सूचित करेगा।

(2) पृथक् अधिनियमों के अधीन साथ ही पृथक् निर्धारण प्राधिकारियों के समक्ष परादेय मांगों/ विवादित रकम के लिए रजामंदी की पृथक्-पृथक् सूचना दी जायेगी।

(3) इस स्कीम के अधीन फायदों का चयन करने वाले किसी व्यवहारी या व्यक्ति के मामले में निर्धारण प्राधिकारी, व्यवहारी या व्यक्ति के विरुद्ध लंबित मांग (मांगों) और विवादित रकम के ब्यौरे इस स्कीम के अनुसरण में किये जाने वाले संदाय और प्रोद्भूत किये जाने वाले पारिणामिक फायदों सहित इलेक्ट्रानिक रूप से सूचित करेगा।

(4) इस स्कीम के अधीन फायदे प्राप्त करने के लिए ब्यौरेवार प्रक्रिया, स्पष्टीकरण और कठिनाईयां, यदि कोई हों, के निराकरण के लिए आदेश ऐसे होंगे जो आयुक्त, वाणिज्यिक कर विभाग, राजस्थान द्वारा अधिसूचित किये जायें।

(5) सारणी-क के क्रम संख्यांक 1 से 5 के अधीन परादेय मांग या विवादित रकम के प्रवर्गीकरण से संबंधित किसी विवाद के मामले में आयुक्त, वाणिज्यिक कर का विनिश्चय अंतिम होगा।

[प.12(11)वित्त/कर/2022-104]
राज्यपाल के आदेश से,

(टीना डाबी)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, फरवरी 23, 2022

एस.ओ.657.-राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का अधिनियम सं. 9) की धारा 174 की उप-धारा (2क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर नियम, 2006 को और संशोधित करने के लिए इसके द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.- (1) इन नियमों का नाम राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर (संशोधन) नियम, 2022 है।

(2) ये तुरंत प्रभाव से प्रवृत होंगे।

2. नियम 21 का संशोधन.- राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर नियम, 2006 के नियम 21 के उप-नियम (1) में,-

(i) विद्यमान प्रथम परन्तुक के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

"परन्तु आयुक्त, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा किसी कालावधि से संबंधित घोषणा प्ररूपों/प्रमाणपत्रों के प्रस्तुतीकरण की तारीख को बढ़ा सकेगा।"; और

(ii) विद्यमान द्वितीय परन्तुक हटाया जायेगा।

[प.12(11)वित्त/कर/2022-105]
राज्यपाल के आदेश से,

(टीना डाबी)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, फरवरी 23, 2022

एस.ओ.658.-राजस्थान वृत्ति, व्यापार, आजीविका और नियोजन पर कर अधिनियम, 2000 (2000 का अधिनियम सं. 12) की धारा 4 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा उन व्यक्तियों को, जिनके विरुद्ध इस अधिसूचना की तारीख पर कोई मांग परादेय है, उक्त अधिनियम के अधीन संदेय कर से इस शर्त के अध्यधीन छूट देती है कि पूर्व में संदत्त कर, ब्याज और/या शास्ति, यदि कोई हो, की रकम का प्रतिदाय नहीं किया जायेगा।

[प.12(11)वित्त/कर/2022-106]
राज्यपाल के आदेश से,

(टीना डाबी)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, फरवरी 23, 2022

एस.ओ.659.-राजस्थान स्टाम्प नियम, 2004 के नियम 58 के उप-नियम (1) के खण्ड (ख) और उप-नियम (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, इस विभाग की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना संख्यांक प.4(2)वित्त/कर/2021-280 दिनांक 24.02.2021 में इसके द्वारा निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात्:-

संशोधन

उक्त अधिसूचना में,-

(i) विद्यमान खण्ड 5 और उसकी प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

"5. एग्रो-इण्डस्ट्रीयल प्रयोजनों के लिए भूमि की दरें

एग्रो-इण्डस्ट्रीयल प्रयोजनों के लिए संपरिवर्तित भूमि या एग्रो-इण्डस्ट्रीयल प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त की जा रही कृषि भूमि की दरें उस क्षेत्र की कृषि भूमि की दरों के डेढ़ गुना के समतुल्य होंगी।"

(ii) विद्यमान खण्ड 12 और उसकी प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

"12. 1000 वर्गमीटर या अधिक क्षेत्रफल वाले आवासीय और वाणिज्यिक भूखण्डों की दरें

1000 वर्गमीटर या अधिक क्षेत्रफल वाले आवासीय या वाणिज्यिक भूखण्डों की दरें निम्नानुसार होंगी:-

क्र. सं.	**क्षेत्रफल**	**जिला स्तरीय समिति द्वारा सिफारिश की गयी या राज्य सरकार द्वारा अवधारित दरों पर आधारित मूल्यांकन निम्नानुसार घटाया जायेगा**
1.	1000 से 2000 वर्गमीटर	5%
2.	2000 वर्गमीटर से अधिक और 3000 वर्गमीटर तक	10%
3.	3000 वर्गमीटर से अधिक	15%

";

(iii) विद्यमान खण्ड 20 और उसकी प्रविष्टियों के पश्चात् और विद्यमान टिप्पण (i) से पूर्व निम्नलिखित नये खण्ड 21, 22, 23 और 24 और उनकी प्रविष्टियां अन्त:स्थापित की जायेंगी, अर्थात्:-

"21. पर्यटन इकाई प्रयोजनों के लिए भूमि की दरें

खण्ड 22 और 23 में विनिर्दिष्ट इकाइयों को छोडकर, राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी पर्यटन नीति/स्कीम में यथा परिभाषित पर्यटन इकाई के लिए संपरिवर्तित या प्रयुक्त की जा रही भूमि की दरें, उस क्षेत्र की औद्योगिक भूमि की दरों के समतुल्य होंगी।

22. रिसोर्ट, स्पोर्टस रिसोर्ट, हैल्थ रिसोर्ट, स्पा, कैम्पिंग साइट, एम्यूजमेंट पार्क, एनिमल सफारी पार्क प्रयोजनों के लिए भूमि की दरें

राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी पर्यटन नीति/स्कीम में यथा परिभाषित रिसोर्ट, स्पोर्टस रिसोर्ट, हैल्थ रिसोर्ट, स्पा, कैम्पिंग साइट, एम्यूजमेंट पार्क या एनिमल सफारी पार्क के लिए संपरिवर्तित या प्रयुक्त की जा रही भूमि की दरें, उस क्षेत्र की कृषि भूमि की दरों के समतुल्य होंगी।

23. कन्वेंशन केन्द्र, सामुदायिक केन्द्र और सामुदायिक हाल प्रयोजनों के लिए भूमि की दरें

कन्वेंशन केन्द्र या सामुदायिक केन्द्र या सामुदायिक हाल प्रयोजनों के लिए संपरिवर्तित या प्रयुक्त की जा रही भूमि की दरें, नगरीय क्षेत्र में उस क्षेत्र की आवासीय भूमि की दरों के समतुल्य और ग्रामीण क्षेत्र में उस क्षेत्र की कृषि भूमि की दरों के समतुल्य होंगी।

स्पष्टीकरण: उपर्युक्त खण्ड 21, 22 और 23 में विनिर्दिष्ट दरें केवल तभी लागू होंगी जब क्रेता या, यथास्थिति, पट्टाधारक पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार या पर्यटन विभाग, राजस्थान द्वारा इस संबंध में जारी प्रमाणपत्र या अनुमोदन प्रस्तुत कर देता है।

24. भण्डागार प्रयोजनों के लिए भूमि की दरें

भण्डागार प्रयोजनों के लिए संपरिवर्तित या प्रयुक्त की जा रही भूमि की दरें, उस क्षेत्र की औद्योगिक भूमि की दरों के समतुल्य होंगी।"; और

(iv) विद्यमान टिप्पण (i) में विद्यमान अभिव्यक्ति "खण्ड 1 से 20" के स्थान पर अभिव्यक्ति "खण्ड 1 से 24" प्रतिस्थापित की जायेगी।

[प.4(2)वित्त/कर/2022-107]
राज्यपाल के आदेश से,

(टीना डाबी)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, फरवरी 23, 2022

एस.ओ.660.-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा आदेश देती है कि चार तलों से अधिक के बहुमंजिला भवन में फ्लैट या आवासीय इकाई, जिसका बाजार मूल्य पचास लाख रुपये से अधिक नहीं है, से संबंधित हस्तान्तरण विलेख, यदि ऐसा हस्तान्तरण विलेख 31.03.2023 तक निष्पादित और रजिस्ट्रीकरण के लिए प्रस्तुत कर दिया जाता है, पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क घटाया जायेगा और चार प्रतिशत की दर से प्रभारित किया जायेगा।

यह अधिसूचना 01.04.2022 से प्रभावी होगी।

[प.4(2)वित्त/कर/2022-108]
राज्यपाल के आदेश से,

(टीना डाबी)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग

(कर अनुभाग)

अधिसूचना

जयपुर, फरवरी 23, 2022

एस.ओ.661.-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 87 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, राजस्थान स्टाम्प नियम, 2004 को और संशोधित करने के लिए इसके द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.- (1) इन नियमों का नाम राजस्थान स्टाम्प (संशोधन) नियम, 2022 है।

(2) ये तुरंत प्रवृत होंगे।

2. नियम 58 का संशोधन.- राजस्थान स्टाम्प नियम, 2004 के नियम 58 के उप-नियम (3) में, अन्त में आये विद्यमान विराम चिह्न "।" के स्थान पर विराम चिह्न ":" प्रतिस्थापित किया जायेगा और तत्पश्चात् निम्नलिखित परन्तुक जोड़ा जायेगा, अर्थात्:-

"परन्तु वित्तीय वर्ष 2022-2023 के दौरान विद्यमान दर में ऐसी वृद्धि पांच प्रतिशत होगी।"

[प.4(2)वित्त/कर/2022-109]

राज्यपाल के आदेश से,

(टीना डाबी)

संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग

(कर अनुभाग)

अधिसूचना

जयपुर, फरवरी 23, 2022

एस.ओ.662.-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस विभाग की अधिसूचना संख्यांक प.4(2)वित्त/कर/2021-275 दिनांक 24.02.2021 को अतिष्ठित करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा आदेश देती है कि उक्त अधिनियम की अनुसूची के अनुच्छेद 48 के खण्ड (क) में विनिर्दिष्ट पैतृक संपत्ति के निर्मुक्ति विलेख पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क घटाया जायेगा और पांच सौ रुपये प्रभारित किया जायेगा।

यह अधिसूचना निष्पादित लिखतों या रजिस्ट्रीकरण या निर्देश के लिए उप-रजिस्ट्रार के समक्ष या स्टाम्प शुल्क के न्यायनिर्णयन के लिए कलक्टर (स्टाम्प) या अन्य किसी न्यायालय के समक्ष लंबित लिखतों पर भी लागू होगी किन्तु पूर्व में संदत्त स्टाम्प शुल्क का प्रतिदाय नहीं किया जायेगा।

[प.4(2)वित्त/कर/2022-110]

राज्यपाल के आदेश से,

(टीना डाबी)

संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, फरवरी 23, 2022

एस.ओ.663.-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस विभाग की अधिसूचना संख्यांक प.4(17)वित्त/कर/2019-49 दिनांक 01.08.2019 को अतिष्ठित करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा आदेश देती है कि कंपनियों के आमेलन, डीमर्जर या पुनर्गठन के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 18) की धारा 232, 233 या 234 या बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 10) की धारा 44-क के अधीन किये गये आदेश से संबंधित हस्तान्तरण विलेख पर पचास करोड़ रुपये से अधिक संदेय स्टाम्प शुल्क का परिहार किया जायेगा।

यह अधिसूचना निष्पादित लिखतों या रजिस्ट्रीकरण या निर्देश के लिए उप-रजिस्ट्रार के समक्ष या स्टाम्प शुल्क के न्यायनिर्णयन के लिए कलक्टर (स्टाम्प) या अन्य किसी न्यायालय के समक्ष लंबित लिखतों पर भी लागू होगी किन्तु पूर्व में संदत्त स्टाम्प शुल्क का प्रतिदाय नहीं किया जायेगा।

[प.4(2)वित्त/कर/2022-111]
राज्यपाल के आदेश से,

(टीना डाबी)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, फरवरी 23, 2022

एस.ओ.664.-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस विभाग की अधिसूचना संख्यांक प.12(20)वित्त/कर/2005-219 दिनांक 24.03.2005 को अतिष्ठित करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा आदेश देती है कि होटल के विकास के प्रयोजन के लिए, राज्य में हैरिटेज संपत्ति के विक्रय या पट्टे की लिखत पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार या पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा इस संबंध में जारी किये गये प्रमाणपत्र या अनुमोदन के प्रस्तुत किये जाने पर 75 प्रतिशत घटाया जायेगा।

स्पष्टीकरण: "हैरिटेज संपत्ति" से हैरिटेज विशिष्टताओं वाला 01.01.1950 से पूर्व निर्मित और पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार या पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा अनुमोदित कोई किला, दुर्ग, महल, हवेली, गढ़, शिकार गृह या आवास अभिप्रेत है।

यह अधिसूचना निष्पादित लिखतों या रजिस्ट्रीकरण या निर्देश के लिए उप-रजिस्ट्रार के समक्ष या स्टाम्प शुल्क के न्यायनिर्णयन के लिए कलक्टर (स्टाम्प) या अन्य किसी न्यायालय के समक्ष लंबित लिखतों पर भी लागू होगी किन्तु पूर्व में संदत्त स्टाम्प शुल्क का प्रतिदाय नहीं किया जायेगा।

[प.4(2)वित्त/कर/2022-112]
राज्यपाल के आदेश से,

(टीना डाबी)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, फरवरी 23, 2022

एस.ओ.665.-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा आदेश देती है कि 100 वर्गगज तक के क्षेत्र वाले आवासीय भू-खण्ड या 50 वर्गगज तक के क्षेत्र वाले व्यावसायिक भू-खण्ड, चाहे खाली हो या सन्निर्मित, के विक्रय की लिखत पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क घटाया जायेगा और 5 प्रतिशत की दर से प्रभारित किया जायेगा।

[प.4(2)वित्त/कर/2022-113]
राज्यपाल के आदेश से,

(टीना डाबी)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, फरवरी 23, 2022

एस.ओ.666.-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस विभाग की अधिसूचना संख्यांक प.4(4)वित्त/कर/2015-235 दिनांक 09.03.2015 को अतिष्ठित करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा आदेश देती है कि चार तलों से अधिक बहुमंजिला भवन की इकाई को छोड़कर स्थावर संपत्ति के पश्चात्वर्ती अन्तरण विलेख पर संदेय स्टाम्प शुल्क निम्नानुसार घटाया जायेगा:-

क्र. सं.	पश्चात्वर्ती अन्तरण की कालावधि	पश्चात्वर्ती अन्तरण विलेख पर संदेय स्टाम्प शुल्क की रकम निम्नानुसार घटायी जायेगी-
1.	ऐसी संपत्ति के पूर्ववर्ती अन्तरण विलेख के रजिस्ट्रीकरण की तारीख से एक वर्ष के भीतर	ठीक पूर्ववर्ती अन्तरण विलेख पर संदत्त स्टाम्प शुल्क की रकम के 15 प्रतिशत के बराबर
2.	ऐसी संपत्ति के पूर्ववर्ती अन्तरण विलेख के रजिस्ट्रीकरण की तारीख से दो वर्ष के भीतर	ठीक पूर्ववर्ती अन्तरण विलेख पर संदत्त स्टाम्प शुल्क की रकम के 10 प्रतिशत के बराबर
3.	ऐसी संपत्ति के पूर्ववर्ती अन्तरण विलेख के रजिस्ट्रीकरण की तारीख से तीन वर्ष के भीतर	ठीक पूर्ववर्ती अन्तरण विलेख पर संदत्त स्टाम्प शुल्क की रकम के 5 प्रतिशत के बराबर

यह अधिसूचना 31.03.2025 तक प्रवृत रहेगी।

[प.4(2)वित्त/कर/2022-114]
राज्यपाल के आदेश से,

(टीना डाबी)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग
(कर अनुभाग)
अधिसूचना
जयपुर, फरवरी 23, 2022

एस.ओ.667.-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इस विभाग की अधिसूचना संख्यांक प.4(2)वित्त/कर/2021-274 दिनांक 24.02.2021 में इसके द्वारा तुरंत प्रभाव से निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् :-

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, विद्यमान खण्ड (ii) और (iii) और उनकी प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :-

"(ii) पुत्री या पुत्र-वधु के पक्ष में निष्पादित स्थावर संपत्ति के दान विलेखों पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क से छूट दी जायेगी;

(iii) पत्नी के पक्ष में निष्पादित स्थावर संपत्ति के दान विलेखों पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क से छूट दी जायेगी;"

[प.4(2)वित्त/कर/2022-115]
राज्यपाल के आदेश से,

(टीना डाबी)
संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग

(कर अनुभाग)

अधिसूचना

जयपुर, फरवरी 23, 2022

एस.ओ.668.-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस विभाग की अधिसूचना संख्यांक प.4(4)वित्त/कर/2020-132 दिनांक 20.02.2020 को अतिष्ठित करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा आदेश देती है कि स्थावर संपत्ति के लोक नीलाम के मामले में निष्पादित विक्रय प्रमाणपत्र या विक्रय विलेख या पट्टा विलेख की लिखत पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क नीलाम कीमत पर प्रभारित किया जायेगा।

यह अधिसूचना निष्पादित लिखतों या रजिस्ट्रीकरण या निर्देश के लिए उप-रजिस्ट्रार के समक्ष या स्टाम्प शुल्क के न्यायनिर्णयन के लिए कलक्टर (स्टाम्प) या अन्य किसी न्यायालय के समक्ष लंबित लिखतों पर भी लागू होगी किन्तु पूर्व में संदत्त स्टाम्प शुल्क का प्रतिदाय नहीं किया जायेगा।

[प.4(2)वित्त/कर/2022-116]

राज्यपाल के आदेश से,

(टीना डाबी)

संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग

(कर अनुभाग)

अधिसूचना

जयपुर, फरवरी 23, 2022

एस.ओ.669.-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इस विभाग की अधिसूचना संख्यांक प.4(2)वित्त/कर/2021-272 दिनांक 24.02.2021 में इसके द्वारा निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् :-

संशोधन

उक्त अधिसूचना में विद्यमान क्रम संख्यांक 8 और उसकी प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :-

"

8.	राज्य सरकार, स्थानीय प्राधिकारी, लोक उपक्रम या किसी अन्य सरकारी निकाय द्वारा आबंटित या उनके द्वारा विक्रीत भूमि के संबंध में जारी/निष्पादित पट्टा विलेख (जो उपर्युक्त क्रम संख्यांक 1 से 7 में विनिर्दिष्ट किसी प्रवर्ग के अधीन नहीं आता है)	आबंटन या विक्रय के मद्धे प्रभारित प्रतिफल की रकम पर हस्तान्तरण की दर से।

"

[प.4(2)वित्त/कर/2022-117]

राज्यपाल के आदेश से,

(टीना डाबी)

संयुक्त शासन सचिव

वित्त विभाग

(कर अनुभाग)

अधिसूचना

जयपुर, फरवरी 23, 2022

एस.ओ.670.-राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की धारा 9 की उप-धारा (1) और धारा 9-क द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, यह राय होने पर कि लोकहित में ऐसा किया जाना समीचीन है, इसके द्वारा आदेश देती है कि स्टाम्प शुल्क, ब्याज और शास्ति की बकाया मांग का, कलक्टर (स्टाम्प), राजस्थान कर बोर्ड या किसी अन्य न्यायालय द्वारा विनिश्चित या के समक्ष लंबित नीचे दी गयी सारणी के स्तम्भ संख्यांक 2 में यथाविनिर्दिष्ट मामलों के प्रवर्ग में, स्तम्भ संख्यांक 3 में विनिर्दिष्ट शर्तों के अध्यधीन, स्तम्भ संख्यांक 4 और 5 में विनिर्दिष्ट सीमा तक, परिहार किया जायेगा:-

सारणी

क्र. सं.	मामलों के प्रवर्ग	शर्तें	परिहार	
			स्टाम्प शुल्क	ब्याज और शास्ति
1	2	3	4	5
1.	01.04.2001 को या इससे पूर्व रजिस्ट्रीकृत मामलों से संबंधित बकाया मांग	(i) यदि बकाया स्टाम्प शुल्क 31.03.2022 को या इससे पूर्व संदत्त कर दिया जाता है	50%	100%
		(ii) यदि बकाया स्टाम्प शुल्क 30.06.2022 को या इससे पूर्व संदत्त कर दिया जाता है	45%	100%
		(iii) यदि बकाया स्टाम्प शुल्क 30.09.2022 को या इससे पूर्व संदत्त कर दिया जाता है	40%	100%
2.	01.04.2001 के पश्चात् और 31.03.2011 को या इससे पूर्व रजिस्ट्रीकृत मामलों से संबंधित बकाया मांग	(i) यदि बकाया स्टाम्प शुल्क 31.03.2022 को या इससे पूर्व संदत्त कर दिया जाता है	40%	100%
		(ii) यदि बकाया स्टाम्प शुल्क 30.06.2022 को या इससे पूर्व संदत्त कर दिया जाता है	35%	100%
		(iii) यदि बकाया स्टाम्प शुल्क 30.09.2022 को या इससे पूर्व संदत्त कर दिया जाता है	30%	100%
3.	01.04.2011 के पश्चात् और 31.03.2016 को या इससे पूर्व रजिस्ट्रीकृत मामलों से संबंधित बकाया मांग	(i) यदि बकाया स्टाम्प शुल्क 31.03.2022 को या इससे पूर्व संदत्त कर दिया जाता है	30%	100%
		(ii) यदि बकाया स्टाम्प शुल्क 30.06.2022 को या इससे पूर्व संदत्त कर दिया जाता है	25%	100%
		(iii) यदि बकाया स्टाम्प शुल्क 30.09.2022 को या इससे पूर्व संदत्त कर दिया जाता है	20%	100%
4.	01.04.2016 के पश्चात् और	(i) यदि बकाया स्टाम्प शुल्क 31.03.2022 को या इससे पूर्व संदत्त कर दिया जाता है	20%	100%

	31.03.2021 को या इससे पूर्व रजिस्ट्रीकृत मामलों से संबंधित बकाया मांग	(ii) यदि बकाया स्टाम्प शुल्क 30.06.2022 को या इससे पूर्व संदत्त कर दिया जाता है	15%	100%
		(iii) यदि बकाया स्टाम्प शुल्क 30.09.2022 को या इससे पूर्व संदत्त कर दिया जाता है	10%	100%

